**Dr. Rohit Yadav,** (I.A.S.)
Chief Executive Officer &
Mission Director (NULM)

D.O.No. : 199

**State Urban Development Agency**
Indravati Bhavan (HOD Buldg), 4th Floor,
D-Block, Naya Raipur, Chhattisgarh
Ph. : 0771-2510090, 0771-2533054 (F)
E-mail : suda_rda@yahoo.co.in/uad.cg@nic.in

Date : 14/12/2015

**SUBJECT: - Submission of Smart City Proposal for 02 Potential Smart Cities for Chhattisgarh - Regarding**

Respected Sir,

With reference to the Second meeting of State Level High Power Steering Committee (HPSC) held on 14 December 2015, I am happy to inform you that the committee has considered and decided to forward Smart City Proposals for Raipur and Bilaspur as per the set out procedure in Smart City guidelines. The required documents as received along with the Smart City proposals of Raipur & Bilaspur are attached herewith for your kind perusal and further necessary action.

Regards,

Encl: As above.

14/12/15

(Dr. Rohit Yadav)

To,

Shri Sameer Sharma
Addl. Secretary (Smart Cities)
Government of India
Ministry of Urban Development
Room No. 138, C Wing
Nirman Bhavan New Delhi 110011

End.No./ SC/2015/PSUD/ 192 New Raipur Dated 14/12/2015

Copy to,

Secretary, Government of India, Ministry of Urban Development, Room No. 122, C Wing, Nirman Bhavan New Delhi 110011.

14/12/15

Mission Director (Smart Cities) cum
& Chief Executive Officer
State Urban Development Agency
Chhattisgarh, Naya Raipur

# राज्य शहरी विकास अभिकरण, छ.ग. रायपुर

चतुर्थ तल, डी–ब्लॉक, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर
फोन / फै.0771–2222402, 2222409 ई–मेलः suda.mission@gmail.com

## –:: कार्यवाही विवरण ::–

**मुख्य सचिव महो. की अध्यक्षता में आहूत मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत राज्य स्तरीय हाईपावर स्टेयरिंग कमेटी (HPSC) की द्वितीय बैठक दिनांक 14.12.2015**

भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय द्वारा संचालित मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत राज्य स्तरीय हाईपावर स्टेयरिंग कमेटी (HPSC) की द्वितीय बैठक दिनांक 14.12.2015 को मुख्य सचिव महो. की अध्यक्षता में, मंत्रालय महानदी भवन स्थित उनके कार्यालयीन प्रतिकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित समिति के सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य सम्मिलित हुए :–

1. श्री प्रमोद दुबे, मान. महापौर, नगर पालिक निगम रायपुर।
2. श्री किशोर राय, मान. महापौर, नगर पालिक निगम बिलासपुर।
3. श्री आर.पी. मण्डल, प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग।
4. श्री अमित अग्रवाल, सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग।
5. श्री संजय शुक्ला, सचिव, छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग।
6. डॉ. रोहित यादव, संचालक संचा. नगरीय प्रशासन एवं विकास / मुख्य कार्य. अधिकारी, सूडा।
7. श्री सारांश मित्तर, आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर।
8. श्रीमती रानू साहू, आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर।
9. श्री एम.एल. अग्रवाल, उप सचिव, छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग।
10. श्री मनीष पिल्लीवार, सलाहकार, AIILSG बिलासपुर स्मार्ट सिटी सलाहकार संस्था।
11. सुश्री शाश्वती घोष, सलाहकार, AIILSG रायपुर स्मार्ट सिटी सलाहकार संस्था।

बैठक में सर्वप्रथम श्री आर.पी. मण्डल, प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भारत सरकार द्वारा घोषित मिशन स्मार्ट सिटी के दिशा–निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा समिति के समक्ष परियोजना से संबंधित, स्मार्ट सिटी चयन प्रक्रिया, स्मार्ट सिटी विकास के मॉडल, एसपीव्ही का गठन, वित्तीय प्रावधान आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

बैठक में चर्चा उपरान्त निम्नांकित बिन्दुओं पर सहमति हुई :–

**एजेण्डा क्रमांक 1 –** पोटेंशियल स्मार्ट सिटी रायपुर तथा बिलासपुर द्वारा प्रस्तुत स्मार्ट सिटी प्रस्ताव का संबंधित निगम के आयुक्तों द्वारा प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन उपरांत भारत सरकार को प्रेषण की अनुमति प्रदान किये जाने बाबत्।

निर्णय क्रमांक 1 –

(अ) **नगर पालिक निगम रायपुर –** श्री सारांश मित्तर, आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा मिशन स्मार्ट सिटी के दिशा–निर्देशों के अनुसार तैयार किये गए स्मार्ट सिटी प्लान (SCP) का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। उनके द्वारा, मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य शासन से प्राप्त होने वाली अनुदान राशि तथा उक्त राशि से अतिरिक्त संभावित व्यय के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही निकाय की सामान्य सभा द्वारा स्मार्ट सिटी प्लान की स्वीकृति प्रदान करने की अनुशंसा प्राप्त होने का भी उल्लेख किया गया।

समिति के सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा उपरान्त, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) निर्माण के समय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नगर पालिक निगम रायपुर तथा अन्य विभागों के परियोजनाओं के कन्वर्जेस, परियोजना की फिजीबिलीटी रिपोर्ट, भू–संसाधन, पीपीपी परियोजना की संभावनाओं आदि का अध्ययन करने के निर्देश दिये गए। साथ ही उक्त रिपोर्ट के आधार पर, स्मार्ट सिटी के प्रस्तावित प्लान के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक अतिरिक्त राशि के संबंध में राज्य शासन द्वारा यथोचित व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया गया।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन कर, भारत सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

(ब) **नगर पालिक निगम बिलासपुर –** श्रीमती रानू साहू, आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा मिशन स्मार्ट सिटी के दिशा–निर्देशों के अनुसार तैयार किये गए स्मार्ट सिटी प्लान (SCP) का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। उनके द्वारा, मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य शासन से प्राप्त होने वाली अनुदान राशि तथा उक्त राशि से अतिरिक्त संभावित व्यय के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही निकाय की सामान्य सभा द्वारा स्मार्ट सिटी प्लान की स्वीकृति प्रदान करने की अनुशंसा प्राप्त होने का भी उल्लेख किया गया।

समिति के सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा उपरान्त, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) निर्माण के समय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नगर पालिक निगम बिलासपुर तथा

अन्य विभागों के परियोजनाओं के कन्वर्जेंस, परियोजना की फिजीबिलीटी रिपोर्ट, भू–संसाधन, पीपीपी परियोजना की संभावनाओं आदि का अध्ययन करने के निर्देश दिये गए। साथ ही उक्त रिपोर्ट के आधार पर, स्मार्ट सिटी के प्रस्तावित प्लान के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक अतिरिक्त राशि के संबंध में राज्य शासन द्वारा यथोचित व्यवस्था किये जाने का निर्णय लिया गया।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन कर, भारत सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

<u>एजेण्डा क्रमांक 2–</u> स्मार्ट सिटी मिशन के क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रयोजन यान (SPV) के गठन के संबंध में निर्णय एवं प्रस्तावित एसपीव्ही के ढांचे के अनुमोदन के संबंध में।

<u>निर्णय क्रमांक 2 –</u>

श्री रोहित यादव, मिशन डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूडा द्वारा संभावित एसपीव्ही की संरचना के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। उनके द्वारा जानकारी दी गई कि, द्वितीय चरण की स्पर्धा उपरान्त चयनित होने वाले शहर में स्मार्ट सिटी अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन यान (SPV) की संरचना की जानकारी दी गई –

**Raipur / Bilaspur Smart City Corporation Limited (RSCCL/ BSCCL)**

<u>Tentative Board of Directors</u>

| Sr. No. | Designation | Position in Board |
|---|---|---|
| 1 | CEO SUDA | **Chairman** |
| 2 | Collector Raipur/Bilaspur | **Director** |
| 3 | Superintendent of Police Raipur / Bilaspur | **Director** |
| 4 | **Chief Executive Officer of RSCCL / BSCCL** | **Managing Director** |
| 5 | CEO RDA (for Raipur) / CEO, ARDA (for Bilaspur) | **Director** |
| 6 | Commissioner Municipal Corporation Raipur/ Bilaspur | **Director** |
| 7 | Representative of GoI/MoUD | **Director** |
| 8 | Independent Director to be selected from list of Min.of Corporate Affairs & SEBI. | **Independent Director** |
| 9 | Mayor Municipal Corporation Raipur / Bilaspur | **Special Invitee Member** |
| 10 | Representative of Energy Department GoCG | **Special Invitee Member** |
| 11 | Chief Engineer PWD (Raipur Circle / Bilaspur Circle) | **Special Invitee Member** |
| 12 | Chief Engineer PHE (Raipur Circle / Bilaspur Circle) | **Special Invitee Member** |

भारत सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी प्रपोजल टेम्पलेट अनुसार उक्त एसपीव्ही का प्रस्तावित सेटअप भी प्रस्ताव में सम्मिलित किये जाने हेतु सेटअप की जानकारी भी प्रस्तुत की गई :–

| A | **Executive Wing** | No of Post |
|---|---|---|
| I | **Administration** | |
| 1 | **Chief Executive Officer** | 1 |
| 2 | General Manager | 1 |
| 3 | Manager (Admin/HR) | 2 |
| 4 | Office Superintendent (Admin) | 1 |
| 5 | Office Assistant (Admin) | 1 |
| 6 | PA to CEO | 1 |
| | **Sub Total I** | **7** |
| II | **Technical** | |
| 7 | Deputy General Manager (Tech) | 1 |
| 8 | Manager (Tech) | 2 |
| 9 | Deputy Manager (Tech) | 3 |
| 10 | Deputy Manager (Land Revenue) | 1 |
| 11 | Deputy Manager (T & CP) | 1 |
| 12 | Asstt. Manager (Civil) | 3 |
| 13 | Asstt. Manager (Environment) | 1 |
| 14 | Asstt. Manager (Electrical) | 2 |
| 15 | Asstt. Manager (ET & TC) | 1 |
| 16 | Asstt. Manager (IT) | 1 |
| 17 | Office Assistant (Tech) | 2 |
| 18 | Technical Assistant | 2 |
| | **Sub Total II** | **20** |
| III | **Finance** | |
| 19 | Company Secretary | 1 |
| 20 | Deputy General Manager (Finance) | 1 |
| 21 | Manager (Finance/Accounts) | 1 |
| 22 | Accounts Officer | 1 |
| 23 | Assistant (Finance) | 1 |
| | **Sub Total III** | **5** |
| IV | **Staff** | |
| 24 | Driver | 9 |
| 25 | Peon | 9 |
| 26 | Security Guard | 2 |
| | **Sub Total IV** | **20** |
| | **Total I+II+III+IV** | **52** |

एसपीव्ही में क्रमांक 5, 6, 17, 18, 19, 23, 24, 25, 26 के कर्मचारी प्रतिनियुक्ति /आउटसोर्सिंग पर रखें जावेंगे। शेष समस्त पदों पर मात्र प्रतिनियुक्ति पर ही अधिकारी पदस्थ किये जावेंगे। उपरोक्त प्रस्तावित एसपीव्ही की संरचना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

चर्चा उपरान्त एसपीव्ही तथा एसपीव्ही के अधिकारी/कर्मचारियों के सेटअप का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया कि, मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत प्रतिस्पर्धा के द्वितीय चरण में चयन होने पर, चयनित शहर के स्मार्ट सिटी प्लान से



R.

संबंधित विभागो में समन्वय तथा परियोजना क्रियान्वयन हेतु, एसपीव्ही के विधिवत पंजीयन उपरान्त आवश्यक एमओयू संपादित किया जावेगा।

समिति द्वारा भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय द्वारा मिशन स्मार्ट सिटी के क्रियान्वयन हेतु जारी की गई दिशा–निर्देशों तथा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु, गठन हेतु प्रस्तावित एसपीव्ही के लिए आवश्यक वित्तीय व्यवस्था तथा अन्य आनुषांगिक प्रयोजनों के पालन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त, निर्देशानुसार बैठक समाप्त घोषित की गई।

**(HPSC द्वारा यथा अनुमोदित)**

14/12/15

(डॉ. रोहित यादव)
मिशन डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) सह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
राज्य शहरी विकास अभिकरण
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

पृ.क्रमांक / 09 / सूडा / HPSC/Smart City/2015/3594 नया रायपुर, दिनांक : 14 / 12 / 2015

**प्रतिलिपि :–**

1. निज सचिव, मान. मंत्री जी, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छ.ग.।
2. निज सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग।
4. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग।
5. अतिरिक्त सचिव (स्मार्ट सिटी) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
6. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग।
7. संयुक्त सचिव (यूडी) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
8. संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छ.ग.।
9. सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग।
10. आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर एवं बिलासपुर छत्तीसगढ़।
11. प्रोग्रामर, डाटा सेन्टर, संचालनालय नया रायपुर को वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
12. रिकार्ड फाईल।

14/12/15

मिशन डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) सह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
राज्य शहरी विकास अभिकरण
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

Smart City

Smart City

**Second Meeting of the State Level High Power Steering Committee (HPSC) for Smart Cities**

14 December 2015, 11:30 AM at AnteChamber of Chief Secretary, GoCG, Mantralaya New Raipur

**ATTENDANCE SHEET**

| S.No. | Name | Designation | Role in HPSC | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shri Vivek Dhand | Chief Secretary | Chairman | [signature] |
| 2 | Shri N.K. Aswal | ACS, PHE | Member | |
| 3 | ~~Shri N. Baijendra Kumar~~ SANJAY SHUKLA | ACS, Housing & Env. Sec. H&E | Member | [signature] |
| 4 | Shri R. P. Mandal | PS UD | Member Secretary | [signature] |
| 5 | Shri Amit Agrawal | Secretary, Finance | Member | [signature] |
| 6 | Dr. Rohit Yadav | CEO SUDA cum Dir. UD | State Mission Director | [signature] 14/12/15 |
| 7 | | Rep. MoUD,GoI | Member | |

Smart City

Smart City

## First Meeting of the State Level High Power Steering Committee (HPSC) for Smart Cities

14 December 2015, 11:30 AM at AnteChamber of Chief Secretary, GoCG, Mantralaya New Raipur

### ATTENDANCE SHEET (SPECIAL INVITEES)

| S.No. | Name | Designation | Name of ULB | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Saransh Mittar | Comm., RMC. | Raipur. Municip. Corp. | [signature] 14/12/15 |
| 2 | Ranu Sahu | Comm BMC | Bilaspur Municipal Corporation | [signature] |
| 3 | Pramod Dubey | Mayor Raipur | Raipur MC | [signature] |
| 4 | Kishor Rai | MAYOR | [illegible] | [signature] |
| 5 | Dr. M.L. Agrawal. | Dy. Sec. (Tech.) | DHED. | [signature] 14/12/15 |
| 6 | Manish Pilliwar | coordinator | AIILSG — BILASPUR | [signature] |
| 7 | Shashwati Ghosh | Team leader | AIILSG RAIPUR. | [signature] |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |
| 11 | | | | |
| 12 | | | | |
| 13 | | | | |

Smart City

# राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़

चतुर्थ तल, डी–ब्लॉक, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर

फोन 0771 – 2222402, फैक्स 0771 – 2222409 ई–मेल :suda.mission@gmail.com

क्रमांक / 9 / सूडा / स्मार्ट सिटी / 2015 / 3587 नया रायपुर दिनांक : 14 / 12 / 2015

प्रति,

1. श्री बी.आर. अग्रवाल,
   कार्यपालन अभियंता एवं नोडल अधिकारी,
   मिशन स्मार्ट सिटी, न.नि. रायपुर।
2. श्री पी.के. पंचायती,
   कार्यपालन अभियंता एवं नोडल अधिकारी,
   मिशन स्मार्ट सिटी, न.नि. रायपुर।
3. श्री अंशुल शर्मा,
   सहायक अभियंता एवं सहा. नोडल अधिकारी,
   मिशन स्मार्ट सिटी, न.नि. रायपुर।

समय–सीमा

विषय :– द्वितीय चरण प्रतिस्पर्धा हेतु नगर निगम रायपुर एवं बिलासपुर के स्मार्ट सिटी प्लान (SCP) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय में जमा करने हेतु अधिकृत करने के संबंध में।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत द्वितीय चरण प्रतिस्पर्धा हेतु नगर निगम रायपुर एवं बिलासपुर के स्मार्ट सिटी प्लान (SCP) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय नई दिल्ली में दिनांक 15.12.2015 तक जमा करने की अंतिम समय–सीमा भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई है।

स्मार्ट सिटी प्रथम चरण प्रतिस्पर्धा में चयनित, रायपुर एवं बिलासपुर न.नि. द्वारा तैयार किये गए, स्मार्ट सिटी प्लान (SCP) को शहरी विकास मंत्रालय नई दिल्ली में जमा करने हेतु संबंधित निकायों के उपरोक्तानुसार अधिकारियों को अधिकृत किया जाता है।

कृपया दिनांक 14.12.2015 को उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक के उपरान्त, बैठक के कार्यवाही विवरण तथा अन्य अनुषांगिक अभिलेखों के साथ स्मार्ट सिटी प्लान जमा कराये जाने हेतु तत्काल नई दिल्ली प्रस्थान करें, एवं दिनांक 15.12.2015 को प्रातः 10:00 बजे शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार में उपस्थित होकर, स्मार्ट सिटी प्लान जमा कराकर, पावती प्राप्त कर, मिशन डायरेक्ट्रेट को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जावे।

14/12/15

(डॉ. रोहित यादव)
मिशन डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) एवं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
राज्य शहरी विकास अभिकरण

Chief Executive Officer
State Urban Development Agency
Chhattisgarh, Raipur

पृ.क्र./9/सूडा/स्मार्ट सिटी/2015/3588 नया रायपुर दिनांक : 14/12/2015
प्रतिलिपि :—

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर।
2. डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर एवं बिलासपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु। कृपया संबंधित अधिकारियों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही निर्धारित समय—सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

14/12/15

मिशन डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) एवं
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
राज्य शहरी विकास अभिकरण
छत्तीसगढ़, रायपुर

Chief Executive Officer
State Urban Development Agency
Chhattisgarh, Raipur